प्रेस-नोट

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही

दिनांक-23.04.2024

◆लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत बैरियर चेकिंग के दौरान थाना गोपीगंज पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी

◆वाहन चोरी करने वाले गिरोह के सरगना सहित 03 शातिर वाहन चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

◆कब्जे से चोरी की 02 अदद मोटरसाइकिल (पल्सर व पैशन प्रो), एक अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर, एक अदद देशी रिवाल्वर मय 03 अदद जिंदा कारतूस, एक अदद चाकू व मोबाइल फोन बरामद

◆लोगों को डराने धमकाने के लिए अवैध तमंचों व चाकू का करते थे प्रयोग

◆मोटरसाइकिलों को बिक्री करने के थे फिराक में

◆बरामदशुदा मोटरसाइकिलों को जनपद प्रयागराज के विभिन्न स्थानों से किये थे चोरी

◆थाना दारागंज,जनपद प्रयागराज पर वाहन चोरी के सम्बंध में पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण

◆अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की, की जा रही जांच

◆गैंगलीडर के विरुद्ध जनपद प्रयागराज व भदोही में चोरी, जालसाजी, आयुध अधिनियम व छिनैती सहित गंभीर धाराओं में लगभग एक दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने व जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक-23.04.2024 को थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा रामपुर गंगा घाट बैरियर पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन चोरी करने वाले गिरोह के सरगना सहित 03 शातिर वाहन चोरों को, चोरी की 02 अदद मोटरसाइकिल (पल्सर व पैशन प्रो), एक अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर, एक अदद देशी रिवाल्वर मय 03 अदद जिंदा कारतूस, एक अदद चाकू व मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उक्त मोटरसाइकिलों को उनके द्वारा जनपद प्रयागराज के माघ मेला परेड क्षेत्र व हण्डिया जी.टी. रोड से चोरी किया गया है। मोटरसाइकिलों को बेचने के फिराक में थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। बरामदशुदा एक मोटरसाइकिल के संबंध में थाना दारागंज, जनपद प्रयागराज पर मु0अ0सं0-40/2024 धारा 379 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत है, शेष के संबंध में जानकारी की जा रही है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0-102/2024 धारा-411,413,414 भा0द0वि0 व 3/4/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा वाहन चोरों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच सहित आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1.मंसूर अहमद उर्फ मोनू उर्फ फैजान पुत्र नसीम अहमद निवासी मलावा बुजुर्ग थाना झूंसी जनपद प्रयागराज उम्र करीब 22 वर्ष (गैंग लीडर)

2.सचिन मोर्या पुत्र रामनरेश मौर्या निवासी किशोरा थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 22 वर्ष

3.रवि कुमार पुत्र रामकुमार निवासी मनकापुर थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज उम्र करीब 21 वर्ष

गिरफ्तारी का स्थान

रामपुर गंगा घाट बैरियर

बरामदगी-

चोरी की 02 अदद मोटरसाइकिल (पल्सर बिना नम्बर व पैशन प्रो), एक अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर, एक अदद देशी रिवाल्वर मय 03 अदद जिंदा कारतूस, एक अदद चाकू व मोबाइल फोन

गैंगलीडर मन्सूर अहमद उर्फ मोनू उर्फ फैजान का आपराधिक इतिहास

1.मु0अं0सं0 124/2023 धारा 379 भादवि थाना थरवई जनपद प्रयागराज 2.मु0अं0सं0 151/2023 धारा 34/394/411/413/414 भादवि थाना थरवई जनपद प्रयागराज 3.मु0अ0सं0 325/2022 धारा 323/504/506 भादवि सरायइनायत जनपद प्रयागराज 4.मु0अ0सं0 270/2023 धारा 394/411 भादवि थाना सोरांव प्रयागराज 5.मु0अ0सं0 282/2023 धारा 394/41 भा0द0वि0 थाना सोराव जनपद प्रयागराज 6. मु0अं0सं0 297/2023 थाना सोराव 9/25 आर्म्स एक्ट 7. मु0अं0सं0 323/2021 धारा 379 भादवि थाना झूसी जनपद प्रयागराज 8.मु0अं0सं0 355/2021 धारा 379 भा0द0वि0 थाना झूसी प्रयागराज 9. मु0 अं0 सं0 4487/2021 धारा 379 भादवि थाना झूसी प्रयागराज 10. मु0 अं0 सं493/2021 धारा 411/413/414/420 भा0द0वि0 थाना झूसी प्रयागराज 11.मु0अ0सं0-40/24 धारा 379 भा0द0वि0 थाना दारागंज जनपद प्रयागराज

12.मु0अ0सं0-102/24 धारा 411 413 414 भादवि व 3/25, 4/25 आर्म्स एक्ट थाना गोपीगंज जनपद भदोही

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

श्री संतोष कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज, उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव, मुख्य आरक्षी शिव सहाय उपाध्याय व आरक्षी योगेश कुमार थाना गोपीगंज जनपद भदोही